राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की प्रदेशवासियों से अपील

मास्क लगायें और सामाजिक दूरी बनाये रखें – राज्यपाल

यह अभियान वास्तव में जनता का आंदोलन होना चाहिए

मास्क पहनने और उचित दूरी बनाये रखने का संकल्प लें लोग

जयपुर, 30 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रदेश में कोरोना के लगातार होते विस्तार और प्रतिदिन मरीजों की बढ़ती संख्या के प्रति गहरी चिंता जताई है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से मास्क लगाने और सामाजिक दूरी बनाये रखने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में मास्क और दो गज दूरी रखने के लिए जन आन्दोलन की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस 2 अक्टूबर से होगी। इस आन्दोलन के दौरान आम लोगों को मास्क पहनने, उचित दूरी रखने और भीड़–भाड़ से दूर रहने के नियम की अनिवार्य रूप से पालना करने का संदेश दिया जाएगा।

राज्यपाल ने कहा है कि कोरोना वैश्विक महामारी का यह विषय अत्यंत चिन्तनीय है। कोरोना के बारे में वे राज्य पर नजर रखे हुए हैं और लगातार मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत से इस बारे में चर्चा कर रहे हैं। श्री मिश्र ने कहा है कि कोरोना वैश्विक महामारी से बचाव ही इसका इलाज है। लोगों को इस बीमारी से बचने के लिए सावधानियां बरतनी होगी। आवश्यक एहतिहात का पालन करना होगा। कोरोना से बचने के लिए आवश्यक सावधानियों का ध्यान रखना होगा। यह प्रत्येक व्यक्ति के लिए तो जरूरी है ही साथ ही घर, परिवार, समाज, प्रदेश और देश भी बचाव के इन्हीं तरीकों से सुरक्षित रह सकेगा।

श्री मिश्र ने कहा कि हमारी अपनी सुरक्षा अपने हाथों में है। सभी को मास्क पहनना अनिवार्य है। यदि मास्क नही हो तो गमछा, दुप्पटा या रूमाल से अपने नाक और मुंह को ढक कर रखें। सामाजिक दूरी बनाये रखना आवश्यक है। सेनेटाइजर का उपयोग करें। साफ–सफाई का पूरा ध्यान रखें। राज्यपाल ने कहा कि अभियान की सफलता तभी सुनिश्चित हो सकेगी, जब सभी लोग मास्क पहनने के जन आन्दोलन को सफल बनाएं और संक्रमण से खुद अपना तथा दूसरों का बचाव करें। वार्ड और मौहल्ला स्तर तक समितियों के माध्यम से स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम लोगों को जोड़कर अभियान को व्यापक रूप दिया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि मास्क पहनने और उचित दूरी बनाने के संकल्प के साथ यह अभियान वास्तव में जनता का आंदोलन होना चाहिए। जनता ही इसे आगे बढ़ाए। जनप्रतिनिधि लोगों को प्रोत्साहित करने का काम करें। मानव स्वास्थ्य पर कोरोना पॉजिटिव के ठीक होने के बाद भी इसके लंबे समय तक पड़ने वाले दुष्प्रभावों की स्थिति में यह आंदोलन ही एक विकल्प है, जो जीवन को बचाने में मददगार हो सकता है। इस अभियान का व्यवस्थित ढंग से संचालन किया जाए, जिसमें सोशल मीडिया सहित विभिन्न प्रचार माध्यमों की सकारात्मक भूमिका सुनिश्चित करनी होगी।

राज्यपाल ने कहा कि कोरोना के खिलाफ जागरूकता के इस जन आंदोलन में शामिल कार्यकर्ता सार्वजनिक जगहों पर बिना मास्क पहने लोगों को अपनी तरफ से मास्क वितरित कर इसे पहने रखने की अपील करें। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्रदेश में कोई भी व्यक्ति बाजार, कार्यस्थल, सार्वजनिक परिवहन सहित भीड़–भाड़ वाली जगहों पर बिना मास्क नहीं रहें। अभियान की अगुवाई जन प्रतिनिधियों, वर्तमान तथा पूर्व पार्षदों एवं विधायकों, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा की जाए। इससे लोगों में अपने और स्वजनों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का सकारात्मक वातावरण बनेगा। श्री मिश्र ने कहा कि लोगों को कोरोना से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों को अपने जीवन की दिनचर्या में आवश्यक रूप से जोड़ना होगा। इस वैश्विक महामारी से बचने के लिए बचाव के उपायों को अपनाना ही होगा। बचाव के उपायों में लापरवाही किया जाना ठीक नही है।

डॉ. लोकेष चन्द्र षर्मा
सहा. निदेषक, (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान
9829271189